डिक्की छत्तीसगढ़ ने आज छत्तीसगढ़ घासी घासिया समाज पदाधिकारियों और सदस्यों के उद्यमी जागरुकतांकर्करम का आयोजन किया गया, जिसमें हमने उद्यम और उद्योग व्यवसाय व्यापार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की साथ ही घासी समाज को प्रेरित किया गया कि वह उद्यमिता की ओर व्यापार व्यवसाय की ओर आगे बढ़े , इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि के रूप में राजा नायक जी बेंगलुरु से आए थे और उन्होंने डिक्की से जुड़कर उद्यम स्थापित करने और सफल संचालन हेतु लोगों को प्रेरित किया ।

इस कार्यक्रम में डिक्की छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री अभिनव सत्यवंशी जी ने उद्यम हेतु दृढ़संकल्पित होने जरूरी गुणों को अपनाने हेतु अपना अनुभव साझा किए ,इसके पश्चात उपाध्यक्ष श्री नरेश बंजारे जी ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के लिए दिए गए प्रावधान एवं उसकी प्रासंगिकता एवं एसी एसटी हब हेतु जानकारी साझा की ।

इस कार्यक्रम से डिक्की को उम्मीद है कि घासी घासिया समाज के लोग व्यापार व्यवसाय उद्यम हेतु आगे आयेंगे एवं आत्मनिर्भर समाज बनाने हेतु जरूरी कदम उठाएंगे ।

डिक्की छत्तीसगढ़ टीम

WELCOME SC ST
CHAMBER OF COMMERCE